चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 14.02.25 | 5 | 1-3 |

# हकृवि द्वारा बीज उत्पादन व परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



किसानों को जानकारी देते हुए वैज्ञानिक।

हिसार, 13 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सोनीपत जिले के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। उपरोक्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने किसानों को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग करना बहुत जरूरी है। किसान उच्च क्वालिटी के बीज का प्रयोग करके ही अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. अक्षय भुकर ने किसानों को बीज उत्पादन के दौरान अनुवांशिक शुद्धता बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्या दिया। कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के वैज्ञानिक डॉ. जोगिंदर तोमर ने समूह आधारित दृष्टिकोण को अपना कर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत भी कराया। उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र मेहरा एवं सहायक पौध संरक्षण अधिकारी कृषि विभाग गोहाना डॉ. रघुवेंद्र सिंह जून ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों एवं फल-फूल खेती की उन्नत तकनीक से संबंधित पुस्तकें भी वितरित की गई। किसानों को किचन गार्डनिंग के लिए सब्जी बीज भी वितरित किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गांवो के किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिकों द्वारा दी गई जानकारी का लाभ उठाया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 14.02.25 | 10 | 5-6 |

# बेहतर फसल बीज गुणवत्ता से ही संभव

- एचएयू ने बीज उत्पादन एवं परीक्षण पर किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। किसानों को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देते वैज्ञानिक। फोटोः हरिभूमि

किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित दिए जा रहे प्रशिक्षणों की कड़ी में विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से सोनीपत जिले के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण, विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने गुरुवार को किसानों को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग करना बहुत जरूरी है। किसान उच्च क्वालिटी के बीज का प्रयोग करके ही अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. अक्षय भुकर ने किसानों को बीज उत्पादन के दौरान अनुवांशिक शुद्धता बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्या दिया। डॉ. जोगिंदर तोमर ने समूह आधारित दृष्टिकोण को अपना कर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत भी कराया। उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र मेहरा एवं सहायक पौध संरक्षण अधिकारी कृषि विभाग गोहाना डॉ. रघुवेंद्र सिंह जून ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 15.02.25 | 5 | 7-8 |

# हकृवि द्वारा बीज उत्पादन एवं परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



किसानों को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देते वैज्ञानिक।

हिसार, 13 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सोनीपत जिले के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत भी कराया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14.02.25 | 3 | 6 |

## बेहतर उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज का उपयोग करें : डॉ. मोर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सोनीपत जिले के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने किसानों को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग करना बहुत जरूरी है। किसान उच्च क्वालिटी के बीज का प्रयोग करके ही अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. अक्षय भुकर ने किसानों को बीज उत्पादन के दौरान अनुवांशिक शुद्धता बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्या दिया।

कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के वैज्ञानिक डॉ. जोगिंद्र तोमर ने समूह आधारित दृष्टिकोण को अपना कर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत भी कराया। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 14.02.25 | 5 | 1 |

## बीज उत्पादन एवं परीक्षण पर प्रशिक्षण

हिसार| हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने सोनीपत के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। विवि के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने किसानों को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग करना जरूरी है। किसान उच्च क्वालिटी के बीज का प्रयोग कर अच्छा उत्पादन पा सकते हैं। डॉ. अक्षय भुकर ने बीज उत्पादन के दौरान अनुवांशिक शुद्धता बनाए रखने के उपाय बताए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 14.02.25 | | |


# हकृवि द्वारा बीज उत्पादन एवं परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सोनीपत जिले के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया।

उपरोक्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने किसानों को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग करना बहुत जरूरी है। किसान उच्च क्वालिटी के बीज का प्रयोग करके ही अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. अक्षय भुकर ने किसानों को बीज उत्पादन के दौरान अनुवांशिक शुद्धता बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्या दिया। कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के वैज्ञानिक डॉ. जोगिंदर तोमर ने समूह आधारित दृष्टिकोण को अपना कर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत भी कराया।



उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र मेहरा एवं सहायक पौध संरक्षण अधिकारी कृषि विभाग गोहाना डॉ. रघुवेंद्र सिंह जून ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों एवं फल-फूल खेती की उन्नत तकनीक से संबंधित पुस्तकें भी वितरित की गई। किसानों को किचन गार्डनिंग के लिए सब्जी बीज भी वितरित किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | 13.02.25 | | |

## हकृवि द्वारा बीज उत्पादन एवं परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पल पल न्यूजः हिसार, 13 फरवरी।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सोनीपत जिले के गांव अहुलाना में गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन एवं परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र सोनीपत के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया।

उपरोक्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने किसानों को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग करना बहुत जरूरी है। किसान उच्च क्वालिटी के बीज का प्रयोग करके ही अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. अक्षय भुकर ने किसानों को बीज उत्पादन के दौरान अनुवांशिक शुद्धता बनाए रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्या दिया। कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के वैज्ञानिक डॉ. जोगिंदर तोमर ने समूह आधारित दृष्टिकोण को अपना कर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. कुलदीप ने बीज उत्पादन में मशीनीकरण की भूमिका पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत भी कराया। उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र मेहरा एवं सहायक पौध संरक्षण अधिकारी कृषि विभाग गोहाना डॉ. रघुवेंद्र सिंह जून ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों एवं फल-फूल खेती की उन्नत तकनीक से संबंधित पुस्तकें भी वितरित की गई। किसानों को किचन गार्डनिंग के लिए सब्जी बीज भी वितरित किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गांवो के किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिकों द्वारा दी गई जानकारी का लाभ उठाया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15.02.25 | 3 | 7-8 |


# एचएयू के कॉलेज ने शाहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया




हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज द्वारा गांव शाहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। शिविर में औषधीय पौधों का महत्व, पंचकोश सिद्धांत, विज्ञान में महिलाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 14-02-25 | 4 | 7-8 |


## गांव शाहपुर में एन.एस.एस. शिविर आयोजित




*शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थी।*

हिसार, 13 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा गांव शाहपुर में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा ने किया। शिविर में औषधीय पौधों का महत्व, पंचकोश सिद्धांत, विज्ञान में महिलाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। डॉ. अरुण कुमार और सहायक अधिकारी डॉ. नरेश सिहाग के [illegible] शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| सुमाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 14.02.25 | 8 | 7-8 |

## हकृवि ने गांव शाहपुर में लगाया एनएसएस शिविर

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा गांव शाहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। शिविर में औषधीय पौधों का महत्व, पंचकोश सिद्धांत, विज्ञान में महिलाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 13.02.25 | | |

## शाहपुर में एनएसएस शिविर आयोजित




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा गांव शाहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। शिविर में औषधीय पौधों का महत्व, पंचकोश सिद्धांत, विज्ञान में महिलाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। एनएसएस द्वारा स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, पौधारोपण, कैरियर परामर्श और डिजिटल साक्षरता जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। एनएसएस अधिकारी डॉ. अरुण कुमार और सहायक अधिकारी डॉ. नरेश सिहाग के मार्गदर्शन में उपरोक्त शिविर आयोजित किया गया है। शिविर के आयोजन से छात्रों को ग्रामीण समाज को नजदीक से समझने उनके जीवन स्तर को सुधारने में योगदान देने और समाज में अपनी जिम्मेदारियां को पहचानने का अवसर प्राप्त होगा। शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवक अपने अनुभव साझा करेंगे जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरणा मिलेगी।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 14.02.25 | | |

# हकृवि द्वारा गांव शाहपुर में एनएसएस शिविर आयोजित

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा गांव शाहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के




अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। शिविर में औषधीय पौधों का महत्व, पंचकोश सिद्धांत, विज्ञान में महिलाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।